


गोहाना : इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान वक्ता व छात्राएं।

# शारीरिक शिक्षा विभाग ने इंडक्शन कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ मनाया

गोहाना, 3 सितम्बर (रामनिवास धीमान) : उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने इंडक्शन कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल की अध्यक्षता में किया गया तथा संचालन डॉ मुकेश का रहा । महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि छात्राओं से रूबरू होने का सबसे बड़ा उदेश्य संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से छात्राओं को परिचित करवाना और उन्हें आत्मनिर्भर होने में चुनौतियों से सीखने के लिए प्रेरित करना है। शारीरिक शिक्षा विभाग में नवागंतुक छात्राओं के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की चीफ वार्डन प्रो शालिनी अत्रि ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं से छात्राओं को अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ बी सी आर्य ने आयुर्वेदिक संस्थान में छात्राओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा लाभों के बारे में विस्तार से संवाद किया। वहीं सहायक छात्रा कल्याण अधिष्ठाता डॉ मोनिका ने छात्राओं के लिए समय समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ नफे सिंह ने छात्राओं को लाइब्रेरी में मिलने वाली पुस्तकों व इ पुस्तकों के बारे में बताया। इस अवसर पर बोलते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. बबीता ने भी छात्राओं को सम्बोधित किया।

# बीपीएस महिला पॉलिटेक्निक में उद्यमिता दिवस पर व्याख्यान का आयोजन

## स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दीपिका व राखी प्रथम रहीं

गोहाना, 3 सितम्बर (रामनिवास धीमान) : अमंडल के गाँव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला पॉलिटेक्निक में 22 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक मनाए जा रहे उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जिसमें महिला विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण बूरा ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को संबोधित किया। प्रो. बूरा ने बताया कि किस तरह से एक सशक्त विचार या समस्या किस प्रकार एक सफल व्यवसाय का आधार बन सकता है। उन्होंने नारायण मूर्ति और भावेश अग्रवाल जैसे सफल उद्यमियों के जीवन से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी श्रेणी में शेर सिंह मलिक द्वारा स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया, जिसमें छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में दीपिका प्रथम, याना द्वितीय रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राखी प्रथम, रेनुका द्वितीय और रेनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक की प्राचार्या किरण जिंदल, रणबीर राठी, श्रीमती नितेश, सुनीता, शैफाली व सुदेश भी उपस्थित रहे।



गोहाना : प्रो कृष्ण बूरा को सम्मानित करते महिला पॉलिटेक्निक के शिक्षक।

# जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कभी हार न मानें : डॉ. दलाल



गोहाना मुद्रिका, 3 सितंबर : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने इंडक्शन कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल की अध्यक्षता में किया गया।

शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डॉ सुमन दलाल ने छात्राओं को उज्जवल और सफल भविष्य के लिए सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपनी गलतियों से हमेशा सीखें और जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कभी हार न मानें।

महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि छात्राओं से रूबरू होने का सबसे बड़ा मकसद संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से छात्राओं को परिचित करवाना और उन्हें आत्मनिर्भर होने में चुनौतियों से सीखने के लिए प्रेरित करना है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है।

शारीरिक शिक्षा विभाग में नवागंतुक छात्राओं के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अली ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं से छात्राओं को अवगत करवाया। डॉ बी.सी. आर्य ने आयुर्वेदिक संस्थान में छात्राओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा लाभों के बारे में संवाद किया।

वहीं सहायक छात्रा कल्याण अधिष्ठाता डॉ मोनिका ने छात्राओं के लिए समय समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की।इस मौके पर असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ नफे सिंह ने छात्राओं को लाइब्रेरी में मिलने वाली पुस्तकों और ई-पुस्तकों के बारे में बताया। डॉ नफे सिंह ने बताया कि हम लाइब्रेरी का प्रयोग कर अपनी पठन शैली को अच्छा बना सकते है।

इस अवसर पर डॉ. बबीता ने भी छात्राओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुकेश के द्वारा किया गया।

# स्लोगन राइटिंग में दीपिका, पोस्टर मेकिंग में राखी प्रथम

गोहाना मुद्रिका, 3 सितंबर : बी.पी.एस. महिला पॉलिटेक्निक में 22 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक मनाए जा रहे उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण बूरा ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को संबोधित किया। अध्यक्षता प्रिंसिपल किरण जिंदल ने की।

स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम स्थान, तथा याना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राखी प्रथम, रेणुका द्वितीय और रेणु तृतीय रहीं। प्रो. बूरा ने नारायण मूर्ति और भावेश अग्रवाल जैसे सफल उद्यमियों के जीवन से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने व्यवसाय प्रारंभ करने के विभिन्न तरीकों, वित्तीय सहयोग प्राप्त करने के उपायों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।

पंजाब केसरी
THU,04 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# स्लोगन राइटिंग में दीपिका, पोस्टर मेकिंग में राखी प्रथम

गोहाना, 3 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला पॉलिटैक्निक में 22 अगस्त से 4 सितम्बर 2025 तक मनाए जा रहे उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण बूरा ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को संबोधित किया। अध्यक्षता प्रिंसीपल किरण जिंदल ने की।

स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम स्थान तथा याना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राखी प्रथम, रेणुका द्वितीय और रेणु तृतीय रहीं।

प्रो. बूरा ने नारायण मूर्ति और भावेश अग्रवाल जैसे सफल उद्यमियों के जीवन से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने व्यवसाय प्रारंभ करने के विभिन्न तरीकों, वित्तीय सहयोग प्राप्त करने के उपायों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।

इस कार्यक्रम में रणबीर राठी, नीतेश, सुनीता, शेफाली और सुदेश भी उपस्थित रहे।



प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राएं अपने प्राध्यापकों के साथ। (अरोड़ा)

पंजाब केसरी
THU,04 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कभी हार न मानें : डॉ. दलाल



*इंडक्शन कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं अपने प्राध्यापकों के साथ।* (अरोड़ा)

गोहाना, 3 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने इंडक्शन कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल की अध्यक्षता में किया गया।

शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने छात्राओं को उज्ज्वल और सफल भविष्य के लिए सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपनी गलतियों से हमेशा सीखें और जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कभी हार न मानें।

महिला विश्वविद्यालय की बी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि छात्राओं से रूबरू होने का सबसे बड़ा मकसद संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से छात्राओं को परिचित करवाना और उन्हें आत्मनिर्भर होने में चुनौतियों से सीखने के लिए प्रेरित करना है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है।

शारीरिक शिक्षा विभाग में नवागंतुक छात्राओं के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्री ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं से छात्राओं को अवगत करवाया। डॉ. बी.सी. आर्य ने आयुर्वैदिक संस्थान में छात्राओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा लाभों के बारे में संवाद किया।

वहीं सहायक छात्रा कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मोनिका ने छात्राओं के लिए समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इस मौके पर असिस्टैंट लाइब्रेरियन डॉ. नफे सिंह ने छात्राओं को लाइब्रेरी में मिलने वाली पुस्तकों और ई-पुस्तकों के बारे में बताया। डॉ. नफे सिंह ने बताया कि हम लाइब्रेरी का प्रयोग कर अपनी पठन शैली को अच्छा बना सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. बबीता ने भी छात्राओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश ने किया।

# बीपीएस महिला पॉलिटेक्निक खानपुर में उद्यमिता दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन

गोहाना, वायरल सच (अनिल जिंदल) : भगत फूल सिंह महिला पॉलिटेक्निक में 22 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक मनाए जा रहे उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण बूरा ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को संबोधित किया।

अपने व्याख्यान में प्रो. बूरा ने बताया कि किस तरह से एक सशक्त विचार या समस्या किस प्रकार एक सफल व्यवसाय का आधार बन सकता है।



उन्होंने श्री नारायण मूर्ति और श्री भावेश अग्रवाल जैसे सफल उद्यमियों के जीवन से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने व्यवसाय प्रारंभ करने के विभिन्न तरीकों, वित्तीय सहयोग प्राप्त करने के उपायों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। इसी श्रेणी में शेर सिंह मलिक द्वारा स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम स्थान, तथा याना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राखी ने प्रथम, रेनुका ने द्वितीय और रेनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पॉलिटेक्निक की प्राचार्या किरण जिंदल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में रणबीर राठी, श्रीमती नितेश, सुनीता, शैफाली व सुदेश भी उपस्थित रहे।

# छात्राओं को दी चुनौतियों से लड़ने की सीख

संवाद न्यूज एजेंसी

सोनीपत। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के शारीरिक शिक्षा विभाग ने इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इसका सबसे बड़ा उद्देश्य संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से छात्राओं को परिचित करवाना और उन्हें आत्मनिर्भर होने में चुनौतियों से सीखने के लिए प्रेरित करना है।

कुलपति ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने किया।




बीपीएस महिला विवि में इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान वक्ता व छात्राएं। स्रोत : विवि

विश्वविद्यालय की चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्रि ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं से छात्राओं को अवगत करवाया। कार्यक्रम के तहत डॉ. बीसी आर्य ने आयुर्वेदिक संस्थान में छात्राओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा लाभों के बारे में विस्तार से संवाद किया।

वहीं, सहायक छात्रा कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मोनिका ने छात्राओं के लिए समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की।

असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. नफे सिंह ने छात्राओं को लाइब्रेरी में मिलने वाली पुस्तकों व ई बुक के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किस तरह से हम लाइब्रेरी का इस्तेमाल करके अपनी पठन शैली को अच्छा बना सकते हैं।

शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# छात्राओं को संस्थान की संस्कृति से कराया परिचित



**गोहाना|** बीपीएस महिला विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग ने बुधवार को इंडक्शन कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान छात्राओं को संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराया गया। नवागंतुक छात्राओं को विवि की चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्रि ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं से अवगत करवाया। इसके बाद डॉ. बीसी आर्य ने आयुर्वेदिक संस्थान में छात्राओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा लाभों के बारे में संवाद किया। सहायक छात्रा कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मोनिका ने विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि छात्राओं से रूबरू होने का सबसे बड़ा उद्देश्य संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से छात्राओं को परिचित कराना और उन्हें आत्मनिर्भर होने में चुनौतियों से सीखने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने की। इस मौके पर असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. नफे सिंह, डॉ. बबीता, डॉ. मुकेश आदि मौजूद रहे।

# स्लोगन राइटिंग में दीपिका तो पोस्टर मेकिंग में राखी रही प्रथम



गोहाना| बीपीएस महिला विवि पॉलिटेक्निक संस्थान में आयोजित उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृष्ण बूरा ने बताया कि किस तरह से एक सशक्त विचार या समस्या किस प्रकार एक सफल व्यवसाय का आधार बन सकता है। उन्होंने नारायण मूर्ति और भावेश अग्रवाल जैसे सफल उद्यमियों के जीवन का उदाहरण दिया। साथ ही छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। व्यवसाय प्रारंभ करने के विभिन्न तरीकों, वित्तीय सहयोग प्राप्त करने के उपायों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी।

# गलतियों से हमेशा सीखें : डा. दलाल



इंडक्शन कार्यक्रम में प्राध्यापकों के साथ में छात्राएं • सौ. प्रवक्ता

**वि., गोहाना** : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डा. सुमन दलाल छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे उज्ज्वल और सफल भविष्य के लिए सपने जरूर देखें। अपनी ग़लतियों से हमेशा सीखें और जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कभी हार न मानें। उन्होंने छात्राओं को संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराया और उन्हें आत्मनिर्भर होने में चुनौतियों से सीखने के लिए प्रेरित किया। चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्री ने छात्रावास की सुविधाओं से अवगत कराया। डा. बीसी आर्य ने आयुर्वेदिक संस्थान में छात्राओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा लाभों के बारे में बताया। सहायक छात्रा कल्याण अधिष्ठाता डा. मोनिका ने भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया। असिस्टेंट लाइब्रेरियन डा. नफे सिंह ने पुस्तकों व ई-पुस्तकों के बारे में बताया। इस मौके पर डा. बबीता, डा. मुकेश रहे।

# गलतियों से सीखें और जीवन में आगे बढ़ें

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल छात्राओं को संबोधित करते कहा कि वे उज्जवल और सफल भविष्य के लिए सपने जरूर देखें। अपनी गलतियों से हमेशा सीखें और जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कभी हार न मानें। छात्राओं को संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराया और उन्हें आत्मनिर्भर होने में चुनौतियों से सीखने के लिए प्रेरित किया। चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं से छात्राओं को अवगत कराया। डा. बीसीआर्य ने आयुर्वेदिक संस्थान में छात्राओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा लाभों के बारे में बताया।